

# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त

## BJP की नई टीम

### पर संघ की नजर: खींची लक्ष्मण रेखा, आभासी दुनिया से बाहर आएं नेता; सत्ता के लालचियों से रहे दूरी



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भारतीय जनता पार्टी की नई टीम के गठन को लेकर स्पष्ट संदेश दिया है कि संगठन में वैचारिक निष्ठा सर्वोपरि रहनी चाहिए। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में बनने वाली कार्यकारिणी पर संघ की पैनी नजर है। संघ का मानना है कि नई पीढ़ी के कई नेता जमीनी काम के बजाय आभासी राजनीति में अधिक सक्रिय हो गए हैं, जिससे पार्टी का पारंपरिक जनसंपर्क तंत्र कमजोर पड़ सकता है। संघ ने यह भी संकेत दिया है कि केवल सत्ता की चाह रखने वाले या अवसरवादी नेताओं को संगठन में जगह न दी जाए। नई टीम में ऐसे चेहरों को प्राथमिकता मिले जो वैचारिक रूप से मजबूत हों, जनता से सीधे जुड़े हों और लंबे समय तक संगठन को दिशा देने की क्षमता रखते हों। माना जा रहा है कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा हो सकती है।

## Assam Elections 2026: असम में कितनी सीटें जीतेगी कांग्रेस?

## मल्लिकार्जुन खरगे ने किया चौंकाने वाला दावा

असम विधानसभा चुनाव 2026 के ठीक पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने एक बड़ा राजनीतिक दावा किया है। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि कांग्रेस-नेतृत विपक्षी गठबंधन राज्य की 126 सदस्यीय विधानसभा में लगभग 72-73 सीटें जीतकर सरकार बनाएगा, जिससे भाजपा की सत्ता बदल जाएगी। खरगे ने कहा कि उनकी पार्टी का गठबंधन जनता के बीच मजबूत समर्थन हासिल कर रहा है और असम की राजनीतिक और सामाजिक समस्याओं जैसे बेरोज़गारी, भ्रष्टाचार और स्थानीय विकास मुद्दों को केंद्र में रखकर चुनाव लड़ रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर भ्रष्टाचार और खिलाफ़त के आरोप भी लगाए। कांग्रेस अध्यक्ष का दावा है कि 72-73 सीटें जीतकर विपक्षी गठबंधन बहुमत हासिल करेगा और नई सरकार बनाएगा। असम में कुल 126 विधानसभा सीटें हैं, जिनमें से 64 सीटें बहुमत के लिए आवश्यक हैं। यह दावा पार्टी के आत्मविश्वास और असम में सत्ता परिवर्तन की उम्मीद को दर्शाता है, खासकर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ रणनीति के रूप में।




भाजपा ने खरगे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है और आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता के भाषण में विवादित टिप्पणियाँ हैं। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने भी कांग्रेस नेता और उनके वरिष्ठ सहयोगियों की टिप्पणियों पर तीखा प्रहार किया है और उन्हें "विकारग्रस्त" बताया। चुनाव प्रचार समाप्त हो चुका है और मतदान 9 अप्रैल 2026 को होना है, जबकि मतगणना 4 मई 2026 को घोषित होगी। राजनीतिक विश्लेषक बताते हैं कि असम में मतदाता व्यवहार, स्थानीय मुद्दों, गठबंधन राजनीति और जातीय समीकरण चुनाव परिणाम को निर्णायक रूप से प्रभावित कर सकते हैं। फिलहाल दोनों बड़ी पार्टियों — भाजपा और कांग्रेस — कड़ी टक्कर की स्थिति में दिखाई दे रही हैं।

## UP: गुरुग्राम से बुलंदशहर-अलीगढ़ होकर लाए

### फिर पट्टी बांधी, सात लाख में दी थी मनोज के अपहरण और हत्या की सुपारी

उत्तर प्रदेश में एक सनसनीखेज आपराधिक साजिश का खुलासा हुआ है, जिसमें गुरुग्राम से एक युवक का अपहरण कर उसे बुलंदशहर और अलीगढ़ होते हुए मौत के घाट उतार दिया गया। मृतक मनोज को पहले बहाने से हरियाणा के गुरुग्राम से बुलाया गया। रास्ते में आरोपियों ने उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी, ताकि उसे स्थानों की पहचान न हो सके और फिर उसे अलग-अलग ठिकानों पर ले जाया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मनोज के अपहरण और हत्या के लिए सात लाख रुपये की सुपारी दी गई थी। वारदात पूरी तरह सुनियोजित थी और इसमें कई लोगों की भूमिका पाई गई है। बुलंदशहर और अलीगढ़ के बीच उसे बंधक बनाकर रखा गया और बाद में उसकी हत्या कर दी गई।



पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों, कॉल डिटेल और सर्विलांस की मदद से आरोपियों की पहचान कर कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि साजिश के पीछे की असली वजह और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। मामले में शामिल अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है और जल्द ही और खुलासे होने की संभावना है।

## Mohsina Kidwai Passed Away

### कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का निधन, 94 वर्ष की आयु में ली अंतिम सांस

कांग्रेस की वरिष्ठ नेता मोहसिना किदवई का 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। लंबे राजनीतिक जीवन और सामाजिक सरोकारों के लिए पहचानी जाने वाली मोहसिना किदवई ने अंतिम सांस लेते हुए देश की राजनीति में एक युग का अंत कर दिया। उनके निधन की खबर मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर दौड़ गई। मोहसिना किदवई का राजनीतिक सफर कई दशकों तक फैला रहा। वह केंद्र सरकार में मंत्री पद पर भी रह चुकी थीं



और संगठन में अहम जिम्मेदारियां निभाईं। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, अल्पसंख्यक कल्याण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर सक्रिय भूमिका अदा की। पार्टी नेतृत्व ने उनके योगदान को याद करते हुए इसे कांग्रेस परिवार के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके सार्वजनिक जीवन की सराहना की। अंतिम संस्कार से जुड़ी जानकारी परिवार की ओर से जल्द साझा किए जाने की बात कही गई है। देश की राजनीति में उनकी सादगी, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा को हमेशा याद किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने कहा कि मोहसिना किदवई का जीवन संगठन के प्रति समर्पण, सादगी और सिद्धांतों की राजनीति का उदाहरण रहा जिसकी कमी लंबे समय तक महसूस की जाएगी।

## सेंट्रल मार्केट में सीलिंग पर बवाल, कल शहर बंद

शहर के सेंट्रल मार्केट में प्रशासन की सीलिंग कार्रवाई के दौरान व्यापारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कार्रवाई का विरोध करते हुए कई व्यापारी पुलिस से बहस और धक्का-मुक्की करते नजर आए, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई। हालात को देखते हुए प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात कर दिया और पूरे इलाके को छावनी में तब्दील कर दिया गया। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने कार्रवाई को एकतरफा बताते हुए इसे तत्काल रोकने की मांग की है।



व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। विरोध के समर्थन में कल पूरे शहर को बंद रखने का ऐलान किया गया है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि कार्रवाई नियमों के तहत की जा रही है।

# Aaj Ka Rashifal 08 April: शुभ योग बनने से इन राशियों को मिल सकता है अचानक लाभ, पढ़ें

08 April Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 08 अप्रैल 2026 का राशिफल। 8 अप्रैल को वैशाख माह की षष्ठी तिथि है और चंद्रमा का गोचर गुरु के स्वामित्व वाली राशि धनु में दिनभर होगा। 08 अप्रैल को कई तरह के शुभ संयोग बन रहे हैं जिससे कई राशि वालों को धन लाभ के अवसर मिलेंगे,



### मेष

आज आपके लिए जमीन-जायदाद से जुड़ी खुशखबरी का दिन है, जैसे किस्मत खुद आपके लिए नया दरवाजा खोल रही हो। नया घर, दुकान या मकान लेने का विचार मन में मजबूत होगा और पिताजी की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक बनेगी। बच्चों के साथ बिताया गया समय दिल को हल्का और खुश कर देगा। हालांकि पिताजी की सेहत को लेकर थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। परिवार में अगर पहले से मनमुटाव चल रहा था, तो छोटी-छोटी बातें भी तकरार का कारण बन सकती हैं, इसलिए संयम ही आपका सबसे बड़ा हथियार रहेगा।

### वृषभ

आज धन और समृद्धि की खुशबू आपके चारों ओर फैली रहेगी। पुराने मित्र से मुलाकात पुरानी यादों को ताजा कर देगी और दिल को सुकून मिलेगा। अपनी कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का समय है। खान-पान में थोड़ा संयम रखें, वरना सेहत साथ छोड़ सकती है। घर में किसी नए मेहमान की एंट्री माहौल को खुशियों से भर देगी, लेकिन कामों की अधिकता आपको थोड़ा परेशान कर सकती है। सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना आपके लिए बोनस जैसा रहेगा।

### मिथुन

आज विद्यार्थियों के लिए खुशखबरी का दिन हो सकता है, जैसे मेहनत का मीठा फल मिलने वाला हो। अगर आपने किसी परीक्षा में भाग लिया था, तो परिणाम आपके चेहरे पर मुस्कान ला सकता है। बिजनेस में पार्टनरशिप कर रखी है तो आज आंखें खुली रखें, क्योंकि सतर्कता ही सुरक्षा है। वाहन से जुड़ी कोई परेशानी जेब ढीली कर सकती है। बातचीत में संतुलन रखना जरूरी होगा, क्योंकि आपकी एक छोटी सी बात भी किसी को चुभ सकती है।

### कर्क

आज आपका मन भक्ति और श्रद्धा में डूबा रहेगा, जैसे आत्मा को सच्चा सुकून मिल रहा हो। लेकिन वैवाहिक जीवन में कुछ उलझनें आपके मन को विचलित कर सकती हैं। पिताजी के साथ किसी बात पर टकराव होने की संभावना है, इसलिए धैर्य बनाए रखें। काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ सकता है। दोस्तों के साथ बिताया गया समय आपको हल्का महसूस कराएगा, लेकिन जल्दबाजी में लिया गया फैसला नुकसान दे सकता है।

### सिंह

आज अगर मन में किसी काम को लेकर जरा सा भी संशय है, तो कदम पीछे खींच लेना ही समझदारी होगी। माताजी से मिली जिम्मेदारी आपको अपनी काबिलियत दिखाने का मौका देगी। भाई-बहनों का साथ आपको मजबूती देगा। संतान की पढ़ाई को लेकर आप गंभीर रहेंगे और उनके शिक्षकों से बातचीत करेंगे। खान-पान में लापरवाही पेट से जुड़ी परेशानी दे सकती है। घर में किसी अतिथि का आगमन खुशी और चहल-पहल लेकर आएगा।

### कन्या

आज आपकी मेहनत रंग लाएगी और आपको उसका पूरा फल मिलेगा। आसपास के लोगों से मिली सलाह आपके लिए सोने पर सुहागा साबित होगी। परिवार में किसी बुजुर्ग की सेहत को लेकर मन थोड़ा चिंतित रह सकता है। घर में कोई धार्मिक आयोजन करने का विचार आपको सुकून देगा। संतान से किया हुआ वादा निभाने की कोशिश आपको उनके और करीब ले आएगी। घर के कामों में बदलाव का विचार भी आकार ले सकता है।

### तुला

आज मन थोड़ा उलझा-उलझा सा रहेगा और कामों में भी रुकावटें आ सकती हैं, जिससे धैर्य की परीक्षा होगी। यात्रा के दौरान अपने कीमती सामान का खास ध्यान रखें। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरकर आपको गर्व महसूस कराएगी। कोई पुराना लेन-देन फिर से सिर उठा सकता है और तनाव बढ़ा सकता है। परिवार में विवाह से जुड़ी अड़चनें दूर होने से खुशियों का माहौल बनेगा और पुराने विवाद भी खत्म हो सकते हैं।

### वृश्चिक

आज आपके लिए नए काम की शुरुआत का सुनहरा मौका है, जैसे किस्मत आपके साथ कदम मिलाकर चल रही हो। आपकी मेहनत का फल आपको भरपूर मिलेगा और भाई-बहनों का साथ आपके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगा। कुछ विरोधी आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन आप सतर्क रहेंगे। ईर्ष्यालु लोगों से दूरी बनाकर रखें। घूमने-फिरने के दौरान कोई खास जानकारी आपके काम आ सकती है।

### धनु

आज का दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा, लेकिन आप अपने आत्मविश्वास से हर स्थिति को संभाल लेंगे। पुराने मित्र की यादें मन को भावुक कर सकती हैं। बिजनेस में हल्की हलचल रहेगी, लेकिन आपकी मेहनत आपको आगे बढ़ाएगी। किसी विरोधी की बात दिल को चोट पहुंचा सकती है। संतान की ओर से मिलने वाली खुशखबरी आपके चेहरे पर मुस्कान ले आएगी। माता-पिता का आशीर्वाद आपके रुके हुए काम पूरे करेगा।

### मकर

आज का दिन सामान्य होते हुए भी आपको व्यस्त बनाए रखेगा। एक साथ कई काम आने से ध्यान भटक सकता है, इसलिए एक-एक करके काम निपटाना बेहतर रहेगा। दूसरों के मामलों में बोलने से बचें, वरना परेशानी बढ़ सकती है। लापरवाही से छोटे काम भी बड़े बन सकते हैं। किसी सहयोगी की बात दिल को लग सकती है। पिताजी की सेहत पर ध्यान देने की जरूरत होगी। लेन-देन में सावधानी ही सुरक्षा है।

### कुंभ

आज किस्मत आपका साथ देने को तैयार है और बिजनेस में आपकी योजनाएं शानदार परिणाम देंगी। नौकरी बदलने का सोच रहे लोगों को खुशखबरी मिल सकती है। अविवाहित लोगों के जीवन में प्यार की दस्तक दिल को खुश कर देगी। पिताजी की किसी बात से मन आहत हो सकता है, लेकिन समय के साथ सब ठीक होगा। धन से जुड़े मामलों में खुद पर भरोसा रखें और दूसरों पर निर्भर रहने से बचें।

### मीन

आज हर कदम सोच-समझकर रखने का दिन है, क्योंकि जल्दबाजी गड़बड़ी कर सकती है। संतान का व्यवहार आपको थोड़ा परेशान कर सकता है, लेकिन धैर्य से काम लें। सेहत को नजरअंदाज करना भारी पड़ सकता है। विद्यार्थियों के अंदर कुछ नया करने की चाह जागेगी। माता-पिता की सेवा करने से मन को शांति मिलेगी। कोई पुराना लेन-देन पूरा होकर आपको राहत देगा।

# UP: मकान तोड़ने पहुंचा प्रशासन

## विरोध में बाप और दो बेटे फंदे पर झूले; अफसरों में मचा हड़कंप

यूपी के शाहजहांपुर से हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां मकान गिराने के विरोध में पिता और दो पुत्रों ने फंदा लगा लिया। आनन-फानन तीनों को बचाया गया। एक बेटे के गले में फंदा ज्यादा कसने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। शाहजहांपुर के जलालाबाद के मझरेता मगटोरा गांव में चकरोड पर बने मकान को गिराने पहुंची पुलिस और राजस्व विभाग की टीम के सामने पिता और उसके दो पुत्रों ने पेड़ से फंदे से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने उन लोगों को बचाया। एक बेटे के गले में फंदा ज्यादा कसने पर उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।



उन लोगों ने राजस्वकर्मियों पर परेशान करने का आरोप लगाया है। मंगलवार को नायब तहसीलदार रोहित कटियार पुलिस व राजस्व टीम के साथ गांव पहुंचे। टीम ने चकरोड पर बने धनपाल के मकान को तोड़ना शुरू किया। इस पर धनपाल, उसके बेटे विवेक और दुर्गेश ने विरोध करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि वे लोग चार दशकों से ज्यादा समय से यहां पर रह रहे हैं। उन्हें पहले से सूचित भी नहीं किया गया।इस बीच क्षुब्ध होकर दुर्गेश, विवेक और धनपाल मकान के पास लगे नीम के पेड़ पर चढ़ गए। पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर गले में डाल लिया। ये देखकर पुलिसकर्मियों ने तीनों लोगों को नीचे उतारा। इस बीच विवेक के गले में पड़ा फंदा कस गया। उसकी हालत बिगड़ी तो पुलिस ने उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। धनपाल का कहना है कि उनसे मकान न तोड़े जाने के बदले में चार लाख रुपये मांगे जा रहे थे। पूर्व विधायक राजेश यादव व पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर हाल जाना। न्याय दिलाने का भरोसा दिया। नायब तहसीलदार रोहित कटियार का कहना है कि आरोप निराधार हैं। धनपाल का नवीन परती व चकरोड की जमीन पर कब्जा है। खाली करने के लिए कहा तो मना कर दिया। खाली कराने की कोशिश की तो ड्रामा किया। तुरंत एसडीएम प्रभात राय को जानकारी दी। उन्होंने टीम को वापस बुला लिया।

# यूपीः पूरे प्रदेश में बारिश का प्रकोप,

## आज इन जिलों में चल सकती है भीषण आंधी; आठ डिग्री तक गिरेगा पारा

यूपी में अप्रैल के महीने में अगस्त जैसा माहौल है। लखनऊ में बुधवार की सुबह से लगातार बरसात जारी है।प्रदेश में मंगलवार से शुरू हुआ बारिश का क्रम बृहस्पतिवार तक जारी रहने के आसार हैं। इसके चलते प्रदेश के अधिकतम तापमान में आगामी 48 घंटों के दौरान छह से आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है। हालांकि, इसके बाद तापमान में उतनी ही बढ़ोतरी होने का भी अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते




मंगलवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तेज हवा के साथ बारिश का सिलसिला शुरू हो गया। बुधवार को पूरे प्रदेश में आंधी-पानी का असर देखने को मिलेगा। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि यह मौसमी बदलाव पश्चिमी उत्तर प्रदेश से शुरू होकर धीरे-धीरे पूर्वी दिशा की ओर बढ़ेगा।आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक मो. दानिश ने बताया कि अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा और आसपास के इलाके में ओलावृष्टि की संभावना है। गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन एवं आसपास के इलाकों में 50-60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने के आसार हैं। हरदोई, फर्रुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ,

## एक्ट्रेस जरीन खान की मां का निधन



बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान और सना खान की मां परवीन खान का बुधवार को मुंबई में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। इस बात की जानकारी जरीन खान की टीम ने दी। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक स्टेटमेंट शेयर कर ये दुखद बात की जानकारी दी। जरीन खान की टीम ने बयान में बताया कि एक्ट्रेस जरीन खान और सना खान की मां परवीन खान का शांतिपूर्वक देहांत हुआ। बयान में उन्होंने लिखा- 'यह सूचित किया जाता है कि हमारी प्रिय मिस परवीन खान, जो जरीन खान और सना खान की मां थीं, उनका 8 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया।'

## अमिताभ बच्चन पर समय रैना ने की टिप्पणी



यूट्यूबर और कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार अमिताभ बच्चन पर टिप्पणी करने को लेकर चर्चा में हैं।उन्होंने बताया कि उन्होंने अमिताभ बच्चन से यह झूठ बोला था कि उनकी दादी उनकी बहुत बड़ी फैन हैं।अपने शो में, समय ने बताया कि उन्होंने अपने यूजुअल कैरेक्टर के हिसाब से बिहेव नहीं किया, बल्कि एक साफ-सुथरा, अच्छा इंसान बनने की कोशिश की। उन्होंने कहा 'मेरी दादी गुजर चुकी हैं। उन्हें गुजरे हुए 7 साल हो गए हैं। वहां मैंने कहा था, सर मेरी दादी आपकी बहुत बड़ी फैन हैं। ऐसा सिर्फ माहौल बनाने के लिए कहा था। आप इंडियन इंटरनेट पर ईमानदार नहीं रह सकते। आप खुद जैसे हैं, वैसे नहीं रह सकते। आपको गेम खेलना पड़ता है, आपको माहौल के हिसाब से चलना पड़ता है।' उन्हें पता था कि उन्हें केबीसी में 'अच्छे लड़के' का रोल करना है। इस पर उन्होंने कहा 'जब मैं केबीसी में जा रहा था तब समझ रहा था कि अपने किरदार से अलग अगर मैं यहां क्लीन बनूंगा ना तो लोग बोलेंगे, क्या वर्सेटाइल क्रिएटर है।'उन्होंने मजाक में कहा कि हॉट सीट पर बैठे हुए उन्हें 'उल्टे सीधे' ख्याल आते थे, वे जोक्स करना चाहते थे लेकिन क्लीन कैरेक्टर बनाए रखने के लिए खुद को रोक लेते थे। एक मजाक जो वह करना चाहते थे लेकिन नहीं वह यह था कि 'सर, आपने इतना पोलियो का ऐड किया, फिर भी अपने बेटे को पांव पे क्यों नहीं खड़ा कर पाए सर।'

## मृणाल ने रणवीर सिंह को लेकर दिया बड़ा बयान



फिल्म 'धुरंधर 2' की सफलता के बाद से ही रणवीर सिंह 'टॉक ऑफ द टाउन' बन गए हैं। मूवी में दमदार एक्टिंग के लिए उनकी जमकर तारीफ हो रही है। इस बीच एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने भी उनको लेकर बड़ा बयान दिया है, जो अब चर्चाओं में है। हाल ही में मृणाल ठाकुर रणवीर इलाहबादिया के पॉडकास्ट में पहुंची थीं। इस बीच उन्होंने रणवीर की तारीफ करते हुए कहा, 'मेरा दिल बहुत खुश है। वो मेरे लिए लकी चार्म हैं। इसी वजह से मैं इस इंडस्ट्री में हूं।मैंने उनके साथ एक हेयर ब्रांड के लिए ऐड किया था, और जब वो ऐड टीवी पर आया... तभी फिल्ममेकर्स ने मुझे नोटिस करना शुरू किया। मैं इसका पूरा क्रेडिट उन्हें देती हूं। उन्होंने सच में मेरी बहुत मदद की है। वो बहुत पॉजिटिव इंसान हैं और उन्हें हर सफलता मिलनी चाहिए।'उन्होंने 'धुरंधर 2' में भी रणवीर की परफॉर्मेंस की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी एक्टिंग सिर्फ ऊपर-ऊपर की नहीं थी, उसमें गहराई और कई परतें थीं। मैंने उन्हें रणवीर सिंह के रूप में नहीं देखा, सिर्फ 'हमजा' के किरदार में देखा। वो हीरो से ज्यादा एक किरदार लगे। मुझे उन पर बहुत गर्व है क्योंकि वो बहुत मेहनती हैं। मैं दुआ करती हूं कि वो जो भी करें, वो ब्लॉकबस्टर हो। वो सब कुछ कर सकते हैं।'बता दें कि रणवीर सिंह ने धुरंधर में हमजा का किरदार निभाया था, जिसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी ताबड़तोड़ कमाई की। फिल्म ने भारत में कुल 1,033.37 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1,641.21 करोड़ का हो गया है।

## ट्रोल हो रहीं दीपिका पादुकोण ने दिया जवाब



रणवीर सिंह की पत्नी और बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण की तरफ से फिल्म को लेकर कोई रिएक्शन सामने नहीं आया। फैंस उन्हें सोशल मीडिया पर ट्रोल कर रहे थे। अब इस पर एक्ट्रेस ने करारा जवाब दिया है। एक इंस्टाग्राम रील के कैप्शन में लिखा था- 'दीपिका ने 500 करोड़ बजट फिल्म को साइलेंट ट्रीटमेंट दिया है। जब फिल्म ग्लोबल रिकॉर्ड बना रही थी, तब वे अपने ससुराल वालों के साथ सितार का कॉन्सर्ट देखने पहुंच गईं। ना कोई पोस्ट, ना कोई तारीफ...बस चुप्पी। क्या वो डायरेक्टर को कोई स्टेटमेंट देना चाहती हैं या फिर इंटरनेट ड्रामा से दूर हैं। जब ये रील दीपिका तक पहुंची, तो उन्होंने खुद कमेंट कर जवाब दिया। उन्होंने लिखा, 'दूसरी वाली बात सही है मेरे दोस्त... और हां, मैंने ये फिल्म आप सबसे पहले ही देख ली थी। अब बताओ, मजाक किसका बन रहा है?'

## निगेटिविटी फैलाना बंद करो', अमीषा पटेल ने जाकिर खान को दी नसीहत



धुरंधर 2' को लेकर इंडस्ट्री के कई सितारों ने काफी तारीफ की है। लेकिन हाल ही में जाकिर खान ने कुछ ऐसा कहा था, जिस पर अब अमीषा पटेल ने उन्हें फटकार लगाई है। जानिए क्या है पूरा मामलारणवीर सिंह की 'धुरंधर 2' इन दिनों सिनेमाघरों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, इसे लेकर लोगों की राय बंटी हुई है। लेकिन इंडस्ट्री के कई लोगों ने फिल्म की जमकर सराहना की है।एक अवॉर्ड कार्यक्रम में स्टैंड-अप कॉमेडियन जाकिर खान ने अवॉर्ड शो को होस्ट करते हुए 'धुरंधर' की सफलता को लेकर एक कमेंट किया। इस कमेंट में उन्होंने इंडस्ट्री पर निशाना साधते हुए कहा कि 'धुरंधर' की अपार सफलता के बाद बॉलीवुड हिल गया है और डर गया है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और अब अभिनेत्री अमीषा पटेल ने इस पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इसको लेकर जाकिर खान को भी एक नसीहत दी है।अमीषा पटेल ने जाकिर खान के उस मजाक पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने अवॉर्ड शो के दौरान कहा था, 'धुरंधर की सफलता से इंडस्ट्री की जली तो है। बम फिल्म में फूटे ल्यारी में, लेकिन धुआं हुआ है बांद्रा से जुहू में।' अब जाकिर के इसी कमेंट पर रिएक्ट करते हुए अमीषा पटेल ने एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है।अमीषा ने लिखा, 'यार, निगेटिविटी फैलाना बंद करो! फिल्म इंडस्ट्री ने धुरंधर को बहुत सम्मान दिया है। शाहरुख खान, सलमान, सनी, ऋतिक, अजय जैसे सुपरस्टार्स ने सिर्फ 1 नहीं बल्कि 25 से ज्यादा मेगा हिट फिल्में दी हैं और आगे भी देते रहेंगे। शांत हो जाओ। गदर कई साल से सबने मचाई है और आगे भी मचाएंगे।'

# Biz Updates:

## अदाणी ने अमेरिकी कोर्ट में दी चुनौती

### केस खारिज करने की मांग; जानें कारोबार का अपडेट




भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी ने अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) की तरफ से उनके खिलाफ दर्ज सिविल फ्रॉड केस को खारिज करने की मांग की है। मंगलवार को न्यूयॉर्क की ब्रुकलिन फेडरल कोर्ट में दाखिल एक याचिका में अदानी के वकीलों ने एसईसी के दावों को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया। अदानी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर नवंबर 2024 में आरोप लगा था कि उन्होंने अदानी ग्रीन एनर्जी के लिए लाभ पाने हेतु भारतीय अधिकारियों को करोड़ों डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया था। एसईसी का दावा है कि 2021 में 6,965 करोड़ रुपये के बॉन्ड ऑफरिंग दस्तावेजों में इस योजना को छिपाया गया। अदालती फाइलिंग में वकीलों ने दलील दी कि यह मामला अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन है, क्योंकि घटना और संबंधित व्यक्ति भारत के हैं। साथ ही वे बॉन्ड कभी अमेरिकी एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं हुए थे। वकीलों ने रिश्वतखोरी के दावों को निराधार बताते हुए कहा कि इसमें अदाणी की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। फिलहाल इस मामले पर एसईसी की ओर से प्रतिक्रिया नहीं आई है।

**एजीआर बकाया मामले में वोडाफोन आइडिया को राहत**

दूरसंचार विभाग ने वोडाफोन-आइडिया के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) से जुड़े बकाये के पुनर्मूल्यांकन की समय-सीमा जून तक बढ़ा दी है। पहले इस प्रक्रिया को 31 मार्च तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया था। स्पेक्ट्रम उपयोग शुल्क की समीक्षा के चलते समय-सीमा बढ़ाई गई है। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर वोडाफोन-आइडिया को राहत देते हुए वित्त वर्ष 2006-07 से 2018-19 तक के एजीआर बकाये को 87,695 करोड़ रुपये पर स्थिर कर दिया है। बैंक के अधिग्रहण के लिए फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स और एमिरेट्स एनबीडी प्रमुख बोलीदाताओं के रूप में सामने आए हैं।

# RBI MPC Announcement

## नहीं बदलेगी ईएमआई, रिजर्व बैंक की एमपीसी ब्याज दरों को 5.25% पर रखा स्थिर




RBI MPC Announcement: आरबीआई एमपीसी की अप्रैल 2026 की बैठक में लिए गए फैसलों का गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को एलान किया। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से 'न्यूट्रल' रुख अपनाते हुए नीतिगत ब्याज दर में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला किया है। आइए एमपीसी के फैसलों के बारे में विस्तार से जानें। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी हालिया मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का निर्णय लिया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करते हुए बताया कि रेपो रेट को 5.25% पर स्थिर रखा गया है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने साफ किया कि वैश्विक स्तर पर चल रहे संघर्षों और भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियाद और गति मजबूत बनी हुई है। मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद लिए गए इस फैसले ने बाजारों को स्थिरता और निरंतरता का स्पष्ट संकेत दिया है।

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने अपने आधिकारिक बयान में इस बात पर विशेष जोर दिया कि वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में चल रहे निरंतर संघर्षों ने व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण पर दबाव डाला है, जिससे अत्यधिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। इन वैश्विक परिस्थितियों और बाहरी दबावों के कारण नीति निर्माताओं के लिए अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने हेतु सतर्कता बरतना जरूरी हो गया है। वैश्विक अस्थिरताओं के इस दौर में, मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने घरेलू अर्थव्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक बेहद संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है। गवर्नर मल्होत्रा के अनुसार, समिति ने सर्वसम्मति से नीतिगत ब्याज दर र 'यथास्थिति' बनाए रखने के पक्ष में मतदान किया है। इसके परिणामस्वरूप, रेपो रेट बिना किसी बदलाव के 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रहेगा।

# Gold-Silver Price

## पश्चिम एशिया तनाव के बीच सोना-चांदी में उछाल कीमतों में तीन फीसदी से ज्यादा की तेजी



**Gold Silver Rates Today:** पश्चिम एशिया तनाव में नरमी की उम्मीदों के बीच मंगलवार को सोना-चांदी की कीमतों में तेजी आई, जिसमें दोनों धातुओं ने 3% से ज्यादा उछाल दर्ज किया। कॉमेक्स पर सोना 4,618 डॉलर प्रति औंस और चांदी 73.2 डॉलर तक पहुंच गई। Sone Chandi ka Aaj ka Rate: वैश्विक बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त दर्ज की गई है। इस तेजी को पश्चिम एशिया में तनाव कम होने की उम्मीदों का समर्थन मिला। इसके बावजूद, सोना इस महीने 17 साल की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज करने की राह पर है। इसकी बड़ी वजह बढ़ती ऊर्जा कीमतें हैं, जिन्होंने महंगाई को बढ़ाया है और इस साल अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की संभावनाओं को कमजोर कर दिया है। आज सोना और चांदी दोनों ही हरे निशान में कारोबार करते नजर आए। दोनों धातुओं में 3% से अधिक की तेजी दर्ज की गई। कॉमेक्स पर सोना करीब 1.25% बढ़कर 4,618 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि पिछले सत्र में इसमें 0.4% की बढ़त देखी गई थी। वहीं, एशियाई कारोबार के दौरान कॉमेक्स चांदी 3.7% उछलकर 73.2 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। कीमतों में इस उछाल के पीछे कई अहम वजहें हैं। कच्चे तेल की कीमतों में तेजी ने महंगाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है, जिससे बाजार में यह धारणा मजबूत हुई है कि फेडरल रिजर्व भविष्य में दरों में कटौती के बजाय उन्हें ऊंचा रख सकता है या बढ़ा भी सकता है। हालांकि, फेडरल रिजर्व के चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने कहा कि मौजूदा स्थिति में केंद्रीय बैंक की नीति इंतजार और निगरानी की है और दीर्घकालिक महंगाई की उम्मीदें अब भी नियंत्रण में हैं। इसके अलावा, बाजार में डिप बाइंग का ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है। मिडिल ईस्ट संघर्ष शुरू होने के बाद आई गिरावट का फायदा उठाते हुए निवेशक सोने में खरीदारी कर रहे हैं

# Biz Updates:

## अदाणी ने अमेरिकी कोर्ट में दी चुनौती

### केस खारिज करने की मांग; जानें कारोबार का अपडेट




भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी ने अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) की तरफ से उनके खिलाफ दर्ज सिविल फ्रॉड केस को खारिज करने की मांग की है। मंगलवार को न्यूयॉर्क की ब्रुकलिन फेडरल कोर्ट में दाखिल एक याचिका में अदानी के वकीलों ने एसईसी के दावों को अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया। अदानी और उनके भतीजे सागर अदाणी पर नवंबर 2024 में आरोप लगा था कि उन्होंने अदानी ग्रीन एनर्जी के लिए लाभ पाने हेतु भारतीय अधिकारियों को करोड़ों डॉलर की रिश्वत देने का वादा किया था। एसईसी का दावा है कि 2021 में 6,965 करोड़ रुपये के बॉन्ड ऑफरिंग दस्तावेजों में इस योजना को छिपाया गया। अदालती फाइलिंग में वकीलों ने दलील दी कि यह मामला अधिकार क्षेत्र का उल्लंघन है, क्योंकि घटना और संबंधित व्यक्ति भारत के हैं। साथ ही वे बॉन्ड कभी अमेरिकी एक्सचेंज पर ट्रेड नहीं हुए थे। वकीलों ने रिश्वतखोरी के दावों को निराधार बताते हुए कहा कि इसमें अदाणी की कोई प्रत्यक्ष भूमिका नहीं थी। फिलहाल इस मामले पर एसईसी की ओर से प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## KKR vs PBKS: बारिश में धुला यह मैच फैंस को वापस नहीं मिलेंगे पैसे? IPL टिकट रिफंड के नियम जानकर चौंक जाएंगे!

आईपीएल में बारिश के कारण मैच रद्द होने पर रिफंड सिंगल बॉल नियम पर निर्भर करता है। अगर एक भी गेंद नहीं फेंकी गई, तभी पूरा पैसा वापस मिलता है। एक गेंद होते ही रिफंड की उम्मीद खत्म हो जाती है, हालांकि कुछ मामलों में फ्रेंचाइजी दर्शकों को छूट या क्रेडिट दे सकती हैं। आईपीएल मैच देखने के लिए लोग हजारों रुपये खर्च करते हैं, लेकिन अगर बारिश आ जाए तो सबसे बड़ा सवाल होता है कि क्या टिकट का पैसा वापस मिलेगा? सोमवार को इस सीजन का पहला मैच बारिश से धुला। कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच ईडन गार्डेस में आयोजित मैच में 3.4 ओवर का खेल ही हो सका और फिर मैच को बेनतीजा घोषित किया गया। तब कोलकाता की टीम बैटिंग कर रही थी। इसके बाद फैंस यह जानने को उत्सुक हैं कि क्या स्टेडियम में पहुंचे दर्शकों को रिफंड मिलेगा या नहीं? तो हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं। आईपीएल 2026 में बारिश से मैच धुल जाने या रद्द होने पर टिकट के पैसे रिफंड करने को लेकर साफ नियम बनाए गए हैं, जिन्हें 'सिंगल बॉल पॉलिसी' कहा जाता है। आईपीएल के इस नियम के मुताबिक, अगर मैच में एक भी गेंद नहीं फेंकी जाती, तभी दर्शकों को पूरा



पैसा वापस मिलता है। लेकिन जैसे ही एक गेंद भी खेल ली जाती है, उसके बाद मैच रद्द होने पर आमतौर पर कोई रिफंड नहीं दिया जाता। इस नियम के बारे में आईपीएल के टिकट टर्म्स एंड कंडीशंस पेज पर जिक्र किया गया है। यानी अगर मैच शुरू हो गया भले ही कुछ ही ओवर खेले गए हों, तब भी आपके टिकट के पैसे वापस नहीं मिलेंगे। कोलकाता-पंजाब मैच में भी लगभग चार ओवर का खेल हुआ और ऐसे में फैंस को पैसे वापस नहीं मिलेंगे बारिश के कारण मैच पूरी तरह रद्द हो जाए, तो ही दर्शकों को रिफंड मिलता है। हालांकि, इस रिफंड में भी कुछ एडमिन या सर्विस चार्ज

## IPL: क्या आईपीएल खेलने की सजा मिली? इंग्लैंड के केविन पीटरसन बोले- ECB से टकराव ने छीना मेरा इंटरनेशनल करियर!

केविन पीटरसन ने खुलासा किया कि IPL खेलने के फैसले और ईसीबी से विवाद के कारण उनका इंटरनेशनल करियर समय से पहले खत्म हो गया। उन्होंने बोर्ड पर 'विच-हंट' का आरोप लगाया, लेकिन यह भी माना कि उनके संघर्ष से आज के खिलाड़ियों को फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने की आजादी मिली। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को लेकर बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने दावा किया कि आईपीएल को लेकर इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) के साथ विवाद के कारण उनका करियर समय से पहले खत्म हो गया। यूट्यूबर रणवीर रणवीर अल्लाहबादिया के साथ एक इंटरव्यू में पीटरसन ने कहा कि आईपीएल के शुरुआती दौर में ईसीबी ने खिलाड़ियों पर सख्ती बरती और मीडिया के जरिए उनके खिलाफ माहौल बनाया। पीटरसन ने खुलकर कहा, 'मैंने बड़े बलिदान दिए। मैंने अपना करियर खो दिया। यही वजह है कि उस सिस्टम के लोग मेरे खिलाफ हो गए।



उन्होंने आगे कहा, 'मैं 33 साल की उम्र में 104 टेस्ट के बाद बाहर हो गया। मुझे 150-160 टेस्ट खेलने चाहिए थे और 12-13 हजार रन बनाने चाहिए थे।' उनका मानना है कि उनके फैसलों को गलत तरीके से पेश किया गया और इसके कारण उनके करियर पर असर पड़ा। पीटरसन ने ईसीबी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि बोर्ड ने मीडिया का इस्तेमाल उनके खिलाफ किया। उन्होंने कहा, 'ईसीबी ने मेरे खिलाफ माहौल बनाने के लिए मीडिया का इस्तेमाल किया। मैं ज्यादा गहराई में नहीं जाना चाहता, लेकिन यह सब सार्वजनिक था।'

## अजब पाकिस्तान की गजब कहानी!: साहिबजादा के ऐसा करने को बता रहे बाबर आजम का बदला स्टीव स्मिथ से जुड़ा है मामला

पीएसएल 2026 में साहिबजादा फरहान द्वारा स्टीव स्मिथ को सिंगल से मना करने की घटना को पाकिस्तानी फैंस 'बाबर आजम का बदला' बता रहे हैं, जबकि असल में यह सिर्फ एक मिसकम्युनिकेशन था। मैदान पर दोनों खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा और यह विवाद सिर्फ सोशल मीडिया तक ही सीमित है। पाकिस्तान सुपर लीग 2026 में एक दिलचस्प घटना ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी। स्टीव स्मिथ और साहिबजादा फरहान के बीच मैदान पर हुई एक छोटी सी बात बड़ी चर्चा बन गई है। इस एक साधारण क्रिकेटिंग घटना को पाकिस्तान में बाबर आजम का बदला बताकर खूब उछाला जा रहा है। पाकिस्तानी फैंस का दावा है कि मुल्तान सुल्तांस और क्वेटा ग्लैडिएटर्स के मैच में फरहान ने ओवर की आखिरी गेंद पर स्मिथ को सिंगल लेने से मना कर दिया, जबकि स्मिथ स्ट्राइक अपने पास रखना चाहते थे। हालांकि, हकीकत इससे अलग है। साफ दिखता है कि पहले रन के लिए कॉल फरहान ने ही किया था, लेकिन बाद में स्थिति बदलने पर उन्होंने स्मिथ को मना कर दिया।



ऐसे में यह कोई रिवेंज मोमेंट नहीं, बल्कि एक सामान्य क्रिकेटिंग सिचुएशन थी। यह घटना मुल्तान और क्वेटा के मैच में ओवर की आखिरी गेंद पर यह घटना हुई। स्मिथ ने मैच में तेज शुरुआत की थी और वह स्ट्राइक पर थे। स्मिथ अगला ओवर भी खुद खेलना चाहते थे। उन्होंने ऑफ साइड में हल्के हाथों से गेंद खेला, तभी फरहान ने पहले रन के लिए कॉल किया और नॉन स्ट्राइकर एंड से दौड़ पड़े। पहले तो स्मिथ ने रन से मना किया, फिर उन्हें लगा होगा कि सिंगल ले लेना चाहिए और थोड़े लेट रिएक्ट किया।

## KKR vs PBKS: बारिश के कारण बेनतीजा रहा मुकाबला कोलकाता और पंजाब को बांटने पड़े अंक कैमरन ग्रीन ने किया निराश

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। केकेआर की बल्लेबाजी शुरू भी गई थी, लेकिन चौथे ओवर में ही बारिश शुरू हो गई और फिर मैच शुरू नहीं हो सका। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल 2026 का मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया है। केकेआर ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया था। टीम ने 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाए थे। उसी वक्त हल्की बारिश के कारण मैच रुक गया। हालांकि, देखते ही देखते बारिश तेज हो गई जिससे मुकाबला दोबारा शुरू नहीं हो सका। संयोग से पिछले सत्र में भी ईडन गार्डेस में केकेआर और पंजाब किंग्स के बीच हुआ मैच



(26 अप्रैल को) बारिश की वजह से प्रभावित हुआ था और दोनों टीम को एक-एक अंक बांटना पड़ा था। पांच-पांच ओवर का मैच कराने के लिए कटऑफ टाइम रात 11 बजकर 14 मिनट था। बारिश रुक भी गई, लेकिन जब कवर्स हटे तो मैदान काफी गीला था और बाउंड्री के पास पानी भी भरा था। निर्धारित समय तक ग्राउंड तैयार नहीं किया जा सकता था,लिहाजा अंपायरों ने मैदान का निरीक्षण करने के बाद दोनों कप्तानों से चर्चा नहीं किया जा सकता था,

## RR vs MI: मुंबई इंडियंस के लिए राहत की खबर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच का हिस्सा होंगे हार्दिक पांड्या

मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या अब पूरी तरह स्वस्थ हो गए हैं और वह मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच का हिस्सा होंगे। हार्दिक दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेले थे। आईपीएल 2026 में मंगलवार को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस के लिए राहत भरी खबर आई है। टीम के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं और राजस्थान के खिलाफ एमआई की प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने हार्दिक पांड्या के स्वास्थ्य को लेकर बड़ा अपडेट दिया। कोच ने हार्दिक के स्वास्थ्य पर दिया अपडेट राजस्थान के खिलाफ मैच से पहले कोच ने बताया, 'हार्दिक पांड्या मंगलवार को होने वाले मुकाबले के लिए उपलब्ध रहेंगे। वह चोटिल नहीं थे, बल्कि उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। वह अब पूरी तरह से फिट और स्वस्थ हैं।' हार्दिक का फिट होना मुंबई के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस को हार्दिक की कमी गेंदबाजी में साफतौर पर खली थी। वापसी करने उतरेगी मुंबई मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 में अब तक कुल दो मुकाबले खेले हैं। पहले मैच में टीम ने शानदार प्रदर्शन करते



हुए कोलकाता नाइट राइडर्स को छह विकेट से हराया था। वहीं, दूसरे मुकाबले में मुंबई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली के खिलाफ रोहित शर्मा और सूर्यकुमार यादव को छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाज कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे। सूर्यकुमार ने 36 गेंदों में 51 रनों की दमदार पारी खेली थी, जबकि रोहित ने 26 गेंदों में 35 रन बनाए थे। vमुंबई इंडियंस का आईपीएल 2026 में मंगलवार को सामना राजस्थान रॉयल्स से होना है। इससे पहले रोहित और तिलक ने कामाख्या मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की। रोहित और तिलक जब मंदिर पहुंचे तो वहां भक्तों की काफी भीड़ मौजूद थी।

वहीं, गेंदबाजी में शार्दुल ठाकुर और कॉर्बिन बॉश काफी महंगे साबित हुए थे। शार्दुल ने तीन ओवर के स्पेल में 41 रन खर्च किए थे और वह कोई विकेट भी नहीं निकाल सके थे। वहीं, बॉश ने 3.1 ओवर में सिर्फ एक विकेट लेकर 39 रन दिए थे। हालांकि, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, और मिचेल सैंटनर अच्छी लय में दिखाई दिए थे। बुमराह ने चार ओवर में सिर्फ 21 रन दिए थे, तो दीपक ने 20 रन देकर एक विकेट निकाला था। वहीं, सैंटनर ने 22 रन देकर एक विकेट चटकाया था। पहले बल्लेबाजी करते हुए मुंबई इंडियंस ने 20 ओवर में छह विकेट खोकर स्कोरबोर्ड पर 162 रन लगाए थे। हालांकि, दिल्ली कैपिटल्स ने 163 रनों के लक्ष्य को आसानी से सिर्फ 18.1 ओवर में चार विकेट खोकर हासिल कर लिया था। मुंबई इंडियंस और राजस्थान के बीच मंगलवार को गुवाहाटी में आईपीएल 2026 का मुकाबला खेला जाना है। इससे पहले मुंबई के बल्लेबाज रोहित शर्मा और तिलक वर्मा ने कामाख्या मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज रोहित शर्मा ने टीम के साथी खिलाड़ी तिलक वर्मा के

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612
















